# छठी मैया का पूजन कर सूर्यदेव को दिया अर्घ्य

## छठ महापर्व का दूसरा दिन : घाटों पर पूजा-अर्चना कर की सुख-समृद्धि की कामना



भोजपुरी गीत, थालों में प्रसाद, तथा शांत-भक्ति का वातावरण भक्तिमय रहा. घाट पर विशेष रूप से 2,100 दीपों का दीपदान भी हुआ. दूसरी ओर भोजपुरी एकता मंच समिति द्वारा घाट के पास संगीत



नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 27 अक्टूबर. शहर में छठ पूजा के दूसरे दिन की छटा का अनोखा दृश्य देखने को मिला. शीतल दास की बगिया स्थित घाट पर दोपहर 3 बजे से ही हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ जमा हो गई. जिसके बाद लगभग शाम 4 बजे से श्रद्धालुओं ने सूर्यास्त तक छठी मैया की पूजा अर्चना करके सूर्य देव को अर्घ्य दिया.**

घर के पुरुष सूप और डालिया में रखे पूजन सामग्री सहित फलों को सिर पर रखकर घाट किनारे पहुंचे. जिसके बाद महिलाओं ने पूजन कर घर के कल्याण के लिए आशीर्वाद मांगते हुए 6 दीपक भी जलाए. दीपों की कतारें, पारंपरिक का भव्य कार्यक्रम भी आयोजित किया गया. जिसमें दोपहर से ही कई छठी मैया के लोकप्रिय भजनों का गायन चलता रहा.राजधानी के बड़े तालाब स्थित शीतलदास की बगिया सहित शहर के अन्य घाटों पर सोमवार की शाम को छठी मैया का पूजन कर सूर्यदेव को अर्घ्य दिया गया. छह प्रमुख घाटों सहित कुल 50 से अधिक घाटों पर कार्यक्रम किए गए. इन सभी जगहों पर नगर निगम द्वारा सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई और सुविधाएँ सुनिश्चित की गई थीं.

**दूसरा दिन-व्रत खरना और संध्या अर्घ्य:** यह दिन व्रती महिलाओं-पुरुषों के लिए महत्वपूर्ण होता है. दिन में उन्होंने 'खरना' के अनुष्ठान के तहत निर्जला उपवास के बाद खीर-रोटी तथा मौसमी फल आदि का भोग अर्पित किया और फिर शाम को नदी/तालाब किनारे सूर्यास्त के समय अर्घ्य दिया.

**सुरक्षा-व्यवस्था एवं सुविधा-सहायता:** नगर निगम एवं स्थानीय प्रशासन ने घाटों पर विशेष प्रबंध किए थे. प्रमुख घाटों पर एंबुलेंस, परिवहन व्यवस्था, पीने के पानी की व्यवस्था, रीपर और प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी. इस दौरान नगर निगम प्रशासन ने सफाई अमला सहित अन्य कर्मचारियों को तैनात किया था.



20 साल से अधिक समय से यह पर्व मना रहे हैं, हर साल यह पर्व खुशियां लेकर आता है. छठी मैया से बड़ी ही श्रद्धा भाव से घर परिवार के कल्याण की कामना करते हैं.
**- सीमा विश्वकर्मा**



पहला दिन नहाय खाय से शुरू होता है. उसके बाद दूसरे दिन निर्जला व्रत रखते हैं. आज पूजा करने के बाद कल दिन में फिर सूर्य देव को अर्घ्य देकर गुड़ और चावल से मुंह जूठा करेंगे. **- निधि शाह**



यह पर्व पूरे परिवार का मिलन है. ऐसा त्यौहार है कि दूर रहने वाले बच्चे भी घर को लौटते हैं. सब मिलकर त्यौहार मनाते हैं. 6 से 7 तरह के फल सहित ठेकुआ बनाना बहुत पसंद है. परिवार के सुख की कामना करते हैं. **- प्रतिमा देवी**

इस पर्व में पूरा परिवेश श्रद्धा से भर जाता है जब लोग डूबते सूर्य को प्रणाम करते हैं,पर्व में सूर्य देव से केवल सुख-समृद्धि ही नहीं, बल्कि परिवार के स्वास्थ्य और कल्याण की कामना की जाती है.
**- कुंअर प्रसाद,** अध्यक्ष भोजपुरी एकता मंच



### कृत्रिम जलाशय में खड़े होकर दिया सूर्यदेव को अर्घ्य

**भोपाल, 27 अक्टूबर.** आशिमा अनुपमा सिटी बाग मुगालिया उत्तरांचल महिला मंडल द्वारा छठी मैया व्रत महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया. कामेश्वर सिंह ने बताया कि चार दिवसीय डाला छठ सूर्य उपासना के तीसरे दिन सोमवार को 36 घंटे का व्रत रखते हुए महिलाओं ने शाम को सूर्य अस्त के समय कृत्रिम जलाशय पहुंचकर कमर तक पानी में खड़े होकर सूर्य भगवान को पहला अर्घ्य दिया. ब्रह्म शक्ति ज्योतिष संस्थान के जगदीश शर्मा ने मंत्रों के द्वारा सूर्य भगवान को अर्घ्य दिलवाया सभी श्रद्धालुओं ने संतान की लंबी आयु एवं सुख समृद्धि की कामना की. मंगलवार को प्रात: उगते सूर्य को छठी मैया के नाम पर अर्घ्य दिया जाएगा.



### पांच नंबर के पार्क में छठ मैया मंदिर का लोकार्पण

**भोपाल, 27 अक्टूबर.** महापौर मालती राय, विधायक भगवानदास सबनानी, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी की उपस्थिति में सोमवार को 05 नंबर स्थित पार्क स्थित तालाब के किनारे नवीन छठ मैया (सूर्य मंदिर) का लोकार्पण किया गया. इस अवसर पर महापौर परिषद के सदस्य एवं भाजपा जिला अध्यक्ष रविन्द्र यती, पूर्व मंत्री पी.सी.शर्मा, जोन अध्यक्ष बृजुला सचान, स्थानीय पार्षद योगेन्द्र सिंह चौहान, गुड्डू, पूर्व पार्षद अमित शर्मा सहित बड़ी संख्या में भोजपुरी भाषी विकास संघ मध्यप्रदेश के पदाधिकारी व श्रद्धालुजन मौजूद थे.



### सांसद शर्मा, राज्यमंत्री गौर ने छठी माई से लिया आशीर्वाद

**भोपाल, 27 अक्टूबर.** बरखेड़ा छठ घाट पर महापर्व 'नहाय-खाय' से प्रारंभ हुआ डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ. सांसद आलोक शर्मा एवं राज्य मंत्री कृष्णा गौर ने भी छठी माई से आशीर्वाद लिया. जितेंद्र शुक्ला पार्षद सहित बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद थे. छठ पूजा सांस्कृतिक उत्सव समिति के अध्यक्ष राजेश्वर सिंह ने कहा कि हमारी संस्कृति का यह विराट उत्सव सादगी, संयम और पवित्रता का प्रतीक है. इसकी नियम-निष्ठा और पारिवारिक एवं सामाजिक सद्भाव का भाव अतुलनीय है. बरखेड़ा छठ घाट पर कार्यक्रम का शुभारंभ छोटे-छोटे बच्चों द्वारा गणेश वंदना से किया गया.

### एक नजर में



### विधायक सबनानी ने खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन

**भोपाल, 27 अक्टूबर.** विधायक भगवानदास सबनानी ने सोमवार को दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के तात्या टोपे स्टेडियम में आयोजित नेशनल टारगेट बॉल प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए एवं खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया .इस दौरान महापौर मालती राय, जिलाध्यक्ष रविंद्र यती, पार्षद ब्रजुला सचान, मंडल अध्यक्ष सोनू पालीवाल सहित गणमान्यजन उपस्थित रहे.

### गलत तरीके से कमाए धन से दिया दान धर्म नहीं



**भोपाल, 27 अक्टूबर.** बुराकर्म हमेशा बुरा ही रहेगा, उसे वह कितना भी अच्छा कहे खूब दान करे लेकिन उसे कोई अच्छा नहीं कह सकता. उपरोक्त उद्गार मुनि प्रमाण सागर महाराज ने विद्याप्रमाण गुरुकुलम में आयोजित धर्मसभा में व्यक्त किये. मुनि श्री ने उदाहरण देते हुये कहा कि पहले के डकैत डकैती डालने जाते थे और मनन्त मानते थे कि यदि अच्छी डकैती हाथ लगी तो मंदिर में घंटा चढ़ाएंगे. उन्होंने कहा कि बताइये अपने बुरे काम में भगवान को भी शामिल कर लिया? ऐसे ही आजकल कोई व्यक्ति गलत कार्य करके धन को कमाता है और खूब दान देता है तो क्या आप लोग इसे अच्छा कर्म कहेंगे? मुनि श्री ने कहा कि भले ही आप लोग दान मत दो चलेगा लेकिन किसी के घर डाका डाल कर या किसी का दिल मत दुखाओ जैसी करनी बैसी भरनी यह युक्ति आप लोगों ने सुनी होगी. मुनि श्री ने कहा कि अनुकूलताएं पाने के पश्चात भी जो अपनी आत्मा का अहित कर रहा है, क्या आप उसे अच्छा कहोगे?

### नगर निगम के विरुद्ध दायर याचिका खारिज

**भोपाल 27 अक्टूबर.** 12वें जिला न्यायाधीश जयंत शर्मा ने लेकव्यू इन्क्लेव अपार्टमेंट वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से नगर निगम वंशपति स्मृति शिक्षा समिति संजीव सक्सेना अरुणा सक्सेना संचालनालय नगर तथा ग्राम निवेश एवं मप्र शासन के विरुद्ध दायर याचिका को खारिज कर दिया.
प्रकरण का संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि मेसर्स अंसल हाउसिंग कन्स्ट्रक्शन लिमिटेड द्वारा अंसल लेकव्यू के नाम से श्यामला हिल्स धर्मपुरी में 180 आवासों का निर्माण किया गया था एवं उनकी अपार्टमेंट में संजीव सक्सेना एवं प्रीति पटेल द्वारा अवैध रूप से उनकी निजी सड़क पर उपयोग कर रहे थे, जिसे रोकने के लिए उनके द्वारा प्रार्थना की गई थी। नगर निगम की ओर से विधि सलाहाकार संजय गुप्ता ने निवेदन किया था कि जितनी भी सड़क होती है वह नगर निगम की वैष्ठित संपत्ति होती है एवं वह किसी की निजी सडक नहीं होती है। न्यायालय द्वारा यह देखते हुए कि विवादग्रस्त स्थान पर एक बस्ती भी है, जो लेकव्यू इन्क्लेव अपार्टमेंट वेलफेयर ऐसोसिएशन का भाग नहीं है एवं एक शासकीय बगीचा भी है जिसमें बस्ती के लोग आने जाने का उपयोग करते हैं एवं उसके बाई ओर शासकीय मार्ग पर मकान भी बने हुए हैं. इस कारण न्यायालय द्वारा लेकव्यू अपार्टमेंट की प्रस्तुत याचिका को निरस्त कर दिया गया.

# शत्रुघ्न का चरित्र अत्यन्त विलक्षण : डॉ. शुक्ल

▶ जनजातीय संग्रहालय में दो दिवसीय परिसंवाद का शुभारंभ

**भोपाल, 27 अक्टूबर. जनजातीय लोककला एवं बोली विकास अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद द्वारा शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई स्वशासी कन्या महाविद्यालय, भोपाल के सहयोग से जनजातीय संग्रहालय, भोपाल में दो दिवसीय परिसंवाद का शुभारंभ डॉ. रवीन्द्र शुक्ल, झाँसी ( उत्तरप्रदेश ), डॉ.करुणाशंकर उपाध्याय ( मुंबई ), प्राचार्य डॉ.अजय अग्रवाल, निदेशक डॉ धर्मेंद्र पारे एवं डॉ सुधीर कुमार शर्मा की उपस्थिति में सोमवार को हुआ.**



परिसंवाद के पहले दिन 'रामाख्यानों में शत्रुघ्न चरित' विषय पर वरिष्ठ साहित्यकार, शिक्षाविद् एवं पूर्व मंत्री उप्र सरकार डॉ. रवीन्द्र शुक्ला ने कहा कि भारतीय रामाख्यानों में शत्रुघ्न को एक महान योद्धा,पराक्रमी के रूप में जाना जाता है. उन्होंने मथुरा के राजा लवणासुर को पराजित कर भगवान राम की आज्ञानुसार वहां शासन स्थापित किया, भगवान राम के वनवास के समय, उन्होंने 14 वर्षों तक अयोध्या की रक्षा की और जिससे राज्य पूरी तरह से सुरक्षित रखा. परिसंवाद के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम में मणिका पाण्डेय, सीधी ने भक्ति गीतों का गायन किया.

धर्म की साक्षात प्रतिमूर्ति है राम 'रामाख्यानों में श्रीराम चरित' विषय पर मुंबई विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ.करुणाशंकर उपाध्याय (मुंबई) ने कहा कि भगवान राम भारतीय समाज में आदर्श प्रज्ञापुरुष है. उन्होंने कहा कि राम,कृष्ण भारतवर्ष के सांस्कृतिक व्यक्तित्व का निर्धारण करते है, राम के बिना देश की परिकल्पना संभव नहीं है. प्राचार्य डॉ.अजय अग्रवाल ने कहा कि परिसंवाद के माध्यम से छात्राओं को भारतीय संस्कृति एवं समृद्ध विरासत से परिचित कराना है.

# लिटिल मिलेनियम को ग्रीन एक्शन प्रीस्कूल सर्टिफिकेट

**भोपाल, 27 अक्टूबर. पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की दिशा में सराहनीय प्रयास करते हुए लिटिल मिलेनियम, अरेरा कॉलोनी, भोपाल को सत्र 2025-2026 के लिए ग्रीन एक्शन प्रीस्कूल सर्टिफिकेट मिला है. यह प्रमाणपत्र विद्यालय को ग्रीन करिकुलम को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए प्रदान किया गया है.**

इस पहल का उद्देश्य बच्चों में बचपन से ही पर्यावरण के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है. विद्यालय ने अपने पाठ्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण, पुनर्चक्रण (recycling ), जल संरक्षण, स्वच्छता और पौधारोपण जैसी गतिविधियों को शामिल किया है.

यह प्रमाणन अंतरराष्ट्रीय संस्थानों एआरसी (Complete the Circle of Learning ), EduGems Finland, ISA Germany ( International Sustainability Academy ) और Give Back Portugal द्वारा संयुक्त रूप से प्रदान किया गया है. यह सर्टिफिकेट संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों ( Sustainable Development Goals - SDGs ) पर आधारित है, जिनमें शिक्षा, स्वच्छ ऊर्जा, जलवायु कार्रवाई और स्थायी समुदायों से जुड़े उद्देश्य शामिल हैं.

विद्यालय प्रबंधन ने इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य केवल अकादमिक शिक्षा नहीं, बल्कि बच्चों को एक जिम्मेदार और संवेदनशील नागरिक बनाना है जो प्रकृति का सम्मान करें और उसे सुरक्षित रखने में योगदान दें.

# भाजपा संगठन में साहू समाज को मिले स्थान

**भोपाल, 27 अक्टूबर.भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी कुछ समय पहले ही प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल द्वारा घोषित की गई.**

भाजपा प्रदेश कार्यकारणी में साहू समाज के किसी भी व्यक्ति को स्थान न दिए जाने पर समाज में बहुत ही रोष प्रकट किया है, जबकि समाज के 80 से 90 प्रतिशत सामाजिक बंधु भारतीय जनता पार्टी के विचारों के साथ काम करते हैं, सिर्फ प्रदेश ही नहीं अपितु जिला कार्यकारिणी से लेकर मंडल तक में उचित स्थान न मिलने के कारण समाज के लोगों मे भारतीय जनता पार्टी के प्रति रोष है.

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल से मध्य प्रदेश तैलिक साहू सभा के अध्यक्ष ताराचंद साहू , कार्यवाहक अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू,अनिल साहू अकेला ,रमेश के साहू इटारसी, डॉक्टर हेमराज साहू , हरिशंकर साहू , रमेश साहू बैरसिया, आदि ने अनुरोध किया हैं कि साहू समाज के अधिकांश लोग भारतीय जनता पार्टी को समर्थन करते हैं और इसके बाद भी भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी में साहू समाज के किसी भी व्यक्ति को पदाधिकारी नहीं बनाया जाना निराशाजनक हैं. समाज के पदाधिकारियों ने भाजपा प्रदेश संगठन मे समाज को उचित प्रतिनिधित्व देने की मांग की है.

### भोपाल में गूंजेगी देशभक्ति की धुन

**भोपाल, 27 अक्टूबर.** मध्यप्रदेश सातवीं वाहिनी पुलिस बैंड द्वारा 28 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक शाम 4 बजे से 5:30 बजे तक भोपाल के बोट क्लब, पुलिस पेट्रोल पंप (7वीं वाहिनी) एवं शौर्य स्मारक पर मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी. सातवीं वाहिनी के कमांडेंट हितेश चौधरी ने बताया कि पुलिस बैंड द्वारा देशभक्ति के साथ अन्य गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी.

### जलरंग कार्यशाला और प्रदर्शनी 6 से 9 नवंबर तक

**भोपाल, 27 अक्टूबर.** कला धारा संस्था द्वारा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल के सहयोग से जलतरंग नामक चार दिवसीय जलरंग कार्यशाला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है. यह आयोजन 6 से 9 नवम्बर 2025 तक संग्रहालय परिसर में होगा. कार्यक्रम के प्रथम दो दिन (6-7 नवम्बर) जलरंग कार्यशाला आयोजित होगी, जिसमें पुणे के कलाकार कुडलैया हिरेमठ और भोपाल के अनुभवी कलाकार प्रतिभागियों को मार्गदर्शन देंगे. अगले दो दिन (8-9 नवम्बर) प्रदर्शनी में प्रतिभागियों की कृतियाँ प्रदर्शित की जाएंगी.

**कार्यक्रम** ▶ मैनिट में 'सतर्कता जागरुकता सप्ताह' का शुभारंभ

# ईमानदारी किसी भी संस्थान की सच्ची ताकत : मुखर्जी

**भोपाल, 27 अक्टूबर. मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान ( मैनिट ) भोपाल में सोमवार को 'सतर्कता जागरुकता सप्ताह' का शुभारंभ हुआ. इस वर्ष का विषय सतर्कता: हमारी साझा ज़िम्मेदारी लोगों को यह संदेश देता है कि ईमानदारी और जवाबदेही केवल एक आदर्श नहीं, बल्कि जीवन जीने का तरीका होना चाहिए.**




कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसमें निदेशक प्रो. करुणेश कुमार शुक्ला, मुख्य अतिथि अनिरुद्ध मुखर्जी (अपर मुख्य सचिव, लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग, म.प्र. शासन) तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी प्रो. विमलेश कुमार सोनी सहित अनेक संकाय सदस्य, अधिकारी एवं छात्र उपस्थित रहे. मुख्य अतिथि मुखर्जी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा, ईमानदारी और पारदर्शिता ही किसी भी संस्था की सच्ची ताकत होती है. हर व्यक्ति यदि अपने कार्य में नैतिकता को अपनाए, तो समाज स्वत: ही भ्रष्टाचारमुक्त बन सकता है. निदेशक प्रो. शुक्ला ने कहा कि मैनिट सदैव ईमानदारी और निष्पक्षता के मूल्यों को बढ़ावा देता रहा है.

सतर्कता कोई सप्ताह भर का कार्यक्रम नहीं, बल्कि हर दिन की सोच होनी चाहिए. उद्घाटन सत्र के पहले संस्थान के निदेशक प्रो. शुक्ला की अध्यक्षता में सभी संकाय सदस्य, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को केंद्रीय सतर्कता आयोग से प्राप्त सत्यनिष्ठा शपथ ग्रहण की. सतर्कता जागरुकता सप्ताह 2025 के दौरान संस्थान के सभी स्टेकहोल्डर्स के लिए विभिन्न प्रतिस्पर्धाएं जैसे वाद विवाद , निबंध लेखन , स्लोगन लेखन और प्रश्नोत्तरी आयोजित की जायेंगी . कार्यक्रम का संचालन डॉ. ललिता गुप्ता ने किया. मुख्य अतिथि का सम्मान डॉ. विकास पुनिया और निदेशक का सम्मान डॉ. एमोन बरुआ ने किया.

### भारत भवन में आज से चित्रों और शिल्पों की प्रदर्शनी

**भोपाल, 27 अक्टूबर.** भारत भवन की रंगदर्शनी दीर्घा में रूपाभ प्रदर्शनी श्रृंखला के अंतर्गत 28 अक्टूबर से 2 नवम्बर तक नागपुर के पाँच प्रसिद्ध कलाकारों पंकज इटकेलवार, महेश मानकर, बाबर शरीफ, नरोत्तम दास और कृष्णनाथ पाटिल के चित्रों और शिल्पों की समूह प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है. जिसका उद्घाटन 28 अक्टूबर को शाम 5.30 बजे होगा.भारत भवन के न्यासी सचिव शिवशेखर शुक्ला ने बताया कि यह प्रदर्शनी न केवल कला के माध्यम से संवाद स्थापित करती है, बल्कि नई पीढ़ी के कलाकारों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बनेगी.